University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
# University of Lucknow, Lucknow

## Press Note 08September 2020

स्नातक आवेदकों से कई अनुरोध प्राप्त किए गए हैं कि वे मौजूदा महामारी की स्थिति में विभिन्न कारणों से काउंसलिंग पोर्टल पर अपने दस्तावेज अपलोड करने में असमर्थ हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय ने 13 सितंबर, 2020 की मध्यरात्रि तक काउंसलिंग पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह अंतिम एक्सटेंशन है और इस अंतिम तिथि के बाद कोई समय नहीं दिया जाएगा। सभी आवेदक जो इस तिथि तक अपने अंक अपलोड नहीं करते हैं, उन्हें मेरिट सूची में नहीं माना जाएगा। अंक इस काउंसलिंग पोर्टल पर अपलोड किए जाने हैं।

**http://apps.lkouniv.ac.in/lucoun-20**

There have been several requests from Undergraduate applicants that they have been unable to upload their documents on the counselling portal for various reasons in the current pandemic situation. The University of Lucknow has taken a decision to extend the last date of uploading documents on the counselling portal till midnight of September 13, 2020. This is the final extension and no time would be given after this last date. All applicants who do not upload their marks by this date will not be considered in the merit list. The marks are to be uploaded on the counselling portal

**http://apps.lkouniv.ac.in/lucoun-20**

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
# University of Lucknow, Lucknow

## Press Note 08September 2020

### B.El.Ed. Entrance Test

B.El.Ed में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 26 सितंबर, 2020 को आयोजित की जाएगी। एडमिट कार्ड 11 सितंबर, 2020 से लॉगिन के माध्यम से उपलब्ध होंगे। यदि उम्मीदवारों से पासवर्ड को गया हो तो वे लॉगिन पृष्ठ पर "forgot पासवर्ड" लिंक के माध्यम से इसे रीसेट कर सकते हैं।

प्रवेश परीक्षा में 90 मिनट में उत्तर देने के लिए 100 ऑब्जेक्टिव प्रकार के प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न चार अंकों का होगा और गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा। प्रश्न भाषा की क्षमता (हिंदी और अंग्रेजी), सामान्य जागरूकता, तार्किक क्षमता एवं, मानसिक क्षमता क्षेत्र से होंगे।

The entrance test for admission to the B.El.Ed. program will be held on September 26, 2020. Admit cards will be available through the login from September 11, 2020. In case the candidates have missed the password they can reset it through the forgot password link on the login page.

The entrance test will comprise of 100 objective type questions to be answered in 90 minutes. Each question will be of four marks and one mark will be deducted for wrong answer. The questions will be from Language ability (Hindi and English), General Awareness, Logical Reasoning, Mental Ability.

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
# University of Lucknow, Lucknow

## Press Note 08September 2020

**PG Admissions**

पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। चूंकि राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष / सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम अभी तक घोषित नहीं किया गया है, इसलिए प्रवेश प्रक्रिया में देरी हो रही है। प्रवेश परीक्षा की अनुसूची और अन्य प्रक्रियाओं के बारे में घोषणाएं जल्द ही की जाएंगी।

The admission process for the Post Graduate programs is in progress. Since the result of the graduation final year / semester examination of any university of the state have not been announced yet, there is delay in the admission process. The announcements regarding the schedule of the entrance test and other processes will be made soon.

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
# University of Lucknow, Lucknow

## Press Note 08September 2020

### राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय ने की मास्क बैंक की शुरुआत

आज दिनांक 08.09.2020, अपरान्ह 2:00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय की पहल पर 'मास्क बैंक' का उद्घाटन माननीय कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय जी द्वारा विश्विद्यालय के प्रशासनिक भवन में किया गया।

उद्घाटन के अवसर पर माननीय कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय जी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की विभीषिका के बीच जागरुकता एवं जन-सहायता के अनेक कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय ने किए हैं। मास्क बैंक इसी क्रम में एक सराहनीय कदम है। इससे ज़रूरतमंदों की सहायता हो सकेगी। प्रोफेसर राय ने बताया कि कोविड-19 महामारी संकट के दौर में सामाजिक दूरी एवं मास्क का उपयोग इस रोग से बचने के दो कारगर उपाय हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय न केवल इस हेतु जागरुकता अभियान शुरू से ही चला रहा है, अपितु निःशुल्क मास्क वितरण का यह पुनीत कार्य भी प्रारंभ कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था का समाज के साथ जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। समाजहित के कार्य से ही संस्था मानवता के हित की ओर निरंतर अग्रसर होगी, और परोक्षतः देशहित का कार्य भी सम्पादित होता रहेगा। उन्होंने इस योजना की रूपरेखा तैयार करने एवं इसे व्यावहारिक रूप में परिणत करने हेतु डॉ राकेश द्विवेदी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त कार्यक्रम अधिकारियों, वालंटियर्स एवं विश्विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्विद्यालय के सभी शिक्षको का आह्वाहन किया कि वे अपनी क्षमतानुसार विश्विद्यालय के मास्क बैंक में मास्क जमा करवा सकते हैं जिससे कि अधिक से अधिक मास्क जरूरतमंद लोगों में वितरित किये जा सकें । इस अवसर पर कुलपति जी द्वारा कर्मचारियों को मास्क भी वितरित किये गए। मास्क बैंक में समाज के सहयोग से अब तक 5000 मास्को का संग्रहण किया जा चुका है।

राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ इकाई के समन्यवक डॉ. राकेश द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कोविड-19 महामारी की विभीषिका के बीच राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व की कार्ययोजनाओं का उल्लेख किया एवं इसी क्रम में मास्क बैंक शुरू करने में राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स, कार्यक्रम अधिकारियों एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की भूमिका एवं योगदान की चर्चा की। उन्होंने बताया कि उपर्युक्त सभी के योगदान से बड़ी संख्या में मास्क आज से यह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यालय से वितरण के लिए उपलब्ध होगा। कोई भी ज़रूरतमंद व्यक्ति स्वयं अपने लिए तथा परिवार के

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
## University of Lucknow, Lucknow

**Press Note 08September 2020**

सदस्यों के लिए किसी भी कार्यदिवस में लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय में आकर यह मास्क प्राप्त कर सकता है।

अंत मे डॉ राकेश द्विवेदी ने माननीय कुलपति के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन, कुलानुशासक प्रो दिनेश कुमार, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पाण्डेय, आईपीपीआर निदेशक डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ संजय मेधावी, डॉ अलका मिश्रा, डॉ महेन्द्र अग्निहोत्री, डॉ ओपी शुक्ला, डॉ राहुल पाण्डेय, डॉ राजेन्द्र वर्मा, डॉ केया पाण्डेय, डॉ मोहिनी गौतम एवं अन्य शिक्षक व कर्मचारीगण कर्मचारी उपस्थित रहे ।